## खबर संक्षेप

### फरीदाबाद प्लॉट विवाद में मुआवजे के निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा राइट टू सर्विस कमीशन ने फरीदाबाद की भावना गुप्ता और अमनदीप से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए पाया कि संबंधित भूमि पर वर्ष 2009 से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के तहत स्थगन (स्टे) लागू है। इसके बावजूद हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी ) द्वारा 18 जनवरी, 2023 और 22 मार्च, 2023 को उक्त प्लॉट्स की नीलामी कर दी गई। आयोग ने दोनों को मुआवजा देने के निर्देश दिए।

### प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे कैंसर के मामले

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे कैंसर के मामलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि पंजाब और हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ अब हरियाणा भी तेजी से कैंसर प्रभावित प्रदेश बनता जा रहा है। हाल के आंकड़े बताते हैं कि पंजाब में प्रतिदिन औसतन 68 लोगों और हरियाणा में लगभग 50 लोगों की मृत्यु कैंसर के कारण हो रही है, जो बेहद चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। सैलजा ने कहा कि उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में कैंसर के बढ़ते मामलों का मुद्दा संसद में भी उठाया है।

### एलपीजी किल्लत पर आप ने किया प्रदर्शन

**चंडीगढ़।** देश और हरियाणा में एलपीजी गैस की बढ़ती किल्लत से आम जनता का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसके लेकर आम आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. सुशील गुप्ता के निर्देश पर में शनिवार को प्रदेश के सभी जिलों में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया और सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। सोनीपत में डॉ. सुशील गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और लोगों को गैस उपलब्ध करवाने की मांग की।

# आपसी समझौते के बाद शादी से मुकरने पर नहीं चलेगा पुराना केस : हाईकोर्ट

■ महिला ने मेजर पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया था



■ अदालत ने अंतिम आदेश पारित कर रद किया था केस

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा है कि यदि किसी आपराधिक मामले में अदालत पहले ही अंतिम आदेश पारित कर एफआईआर रद्द कर चुकी है, तो बाद में पक्षकारों के बीच समझौते के टूटने या किसी वादे के पूरा न होने के आधार पर उस आदेश को वापस नहीं लिया जा सकता। अदालत ने एक महिला की उस अर्जी को खारिज कर दिया जिसमें उसने आरोप लगाया था कि एक आर्मी मेजर ने समझौते के आधार पर शादी करने का वादा किया था, लेकिन बाद में मुकर गया। यह मामला एक एफआईआर से जुड़ा था जिसमें सेना के एक मेजर पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया था। इस मामले में पहले अदालत ने परिस्थितियों और दोनों पक्षों की उम्र को ध्यान में रखते हुए एफआईआर को रद्द कर दिया था। बाद में महिला ने अदालत में अर्जी दाखिल कर कहा कि आरोपी ने समझौते के दौरान उससे शादी करने का वादा किया था और उसी आधार पर मामला खत्म हुआ था, लेकिन अब वह शादी करने से साफ इनकार कर रहा है। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस मनीषा बत्रा की पीठ ने कहा कि अंतिम आदेश पारित होने के बाद उसे वापस नहीं लिया जा सकता।

# जल्दबाजी में किया गया न्याय दुर्भाग्य की सौतेली मां बन जाता है

### हाईकोर्ट की टिप्पणी: चेक बाउंस के मामले में तेजी से सुनवाई पर जताई चिंता

**चंडीगढ़।** चेक बाउंस मामलों की सुनवाई में तेजी लाने की होड़ पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा है कि जल्दबाजी में किया गया न्याय कई बार दुर्भाग्य का कारण बन जाता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि न्याय व्यवस्था में गति जरूरी है, लेकिन इतनी भी जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए कि सच्चाई की पूरी जांच ही न हो सके।जस्टिस अनूप चितकारा अपने आदेश में कहा कि न्याय की प्रक्रिया में संतुलन अत्यंत आवश्यक है। अदालत ने लैटिन कहावत का उल्लेख करते हुए कहा "फेस्टिनातियो जस्टिटिए एस्ट नोवेरका इनफार्चुनी", जिसका अर्थ है कि जल्दबाजी में किया गया न्याय दुर्भाग्य की सौतेली मां बन जाता है। हाई कोर्ट यह टिप्पणी उस समय कर रहा था जब उसके समक्ष 19.49 लाख रुपये के चेक बाउंस से जुड़ा विवाद आया। यह मामला नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट, 1881 के तहत दायर एक पुनरीक्षण याचिका से संबंधित था।

### अभय चौटाला की याचिका पर केंद्र को नोटिस

**चंडीगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व नेता प्रतिपक्ष अभय सिंह चौटाला को व्हाट्सएप काल के माध्यम से दी गई जान से मारने की धमकी के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार के रवैये पर कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि उसके पूर्व आदेश के बावजूद यदि अगली सुनवाई तक केंद्र सरकार जवाब दाखिल नहीं करती है तो उस पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है। मामले की सुनवाई के दौरान चंडीगढ़ पुलिस ने अदालत में केस के बारे में ब्योरा पेश किया।

# आईडीएफसी बैंक घोटाले में ज्वेलर्स गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** सरकारी विभागों के साथ आईडीएफसी बैंक कर्मियों के द्वारा किए गए 590 करोड़ के फ्रॉड में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सावन ज्वेलर्स के मालिक राजन कटोदिया को गिरफ्तार किया है। जिसे कल कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। घोटाले की जांच के दौरान एसीबी की टीम ने पाया कि 250 करोड़ रुपए की राशि सावन ज्वेलर्स द्वारा रिभव ऋषि, अभय कुमार, अभिषेक सिंगला, स्वाति सिंगला व अन्य आरोपियों की विभिन्न कंपनियों/फर्मों से प्राप्त की गई । इन कंपनियों/फर्मों में पैसा सरकारी खातों से गैर कानूनी तरीके से ट्रांसफर किए गए थे। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि सावन ज्वेलर्स के मालिक राजन के द्वारा मुख्य आरोपियों के लिए कैश कन्वर्जन का काम किया गया व इसके लिए भारी कमीशन प्राप्त किया। आरोपी के द्वारा इन फर्मों/कंपनियों के नाम सोने के आइटम्स बेचना दिखाया गया। आरोपी राजन ने इस मामले में धोखाधड़ी की शुरुआत से ही षडयंत्र रचने में अहम भूमिका निभाई तथा पूर्व योजना के तहत अपराध को अंजाम देने में सक्रिय योगदान दिया।

## पानीपत में मनी एक्सचेंज सेंटर पर बाइक सवार बदमाशों की ताबड़तोड़ फायरिंग


# लॉरेंस गैंग ने किया हमला, रैपर बादशाह को भी मारने की धमकी

### बिश्नोई के गुर्गे की सोशल मीडिया पोस्ट, सेंटर पर हवाला रैकट चलाकर पैसा बाहर भेजने का आरोप

■ टटीरी सॉन्ग को लेकर नाराजगी, बादशाह, तूने हरियाणा की संस्कृति खराब करने की कोशिश की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत में शनिवार को असंध रोड स्थित मनी एक्सचेंज सेंटर पर बदमाशों ने फायरिंग की। घटना के बाद लॉरेंस गैंग के रणदीप मलिक के नाम से एक सोशल मीडिया पोस्ट सामने आई, जिसमें फायरिंग की जिम्मेदारी ली गई। पोस्ट में लिखा कि यह हवाला के जरिए देश का पैसा बाहर भेज रहा था। इसे पहले भी चेतावनी दी गई थी। स्मरणीय है कि शनिवार को असंध रोड पर बाइक सवार तीन बदमाशों ने मनी एक्सचेंज सेंटर पर सात राउंड फायरिंग की। स्ट के आखिरी में बॉलीवुड सिंगर और रैपर बादशाह को टटीरी सॉन्ग को लेकर धमकी दी गई। पोस्ट में लिखा कि बादशाह, तूने हरियाणा की संस्कृति खराब करने की कोशिश की है। पहले 2024 में तेरे क्लब पर तुझे ट्रेलर दिखाया था, वहीं, बादशाह को हत्या की धमकी दी। हालांकि हरिभूमि इस पोस्ट की पुष्टि नहीं करता। डीएसपी मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया कि मनी एक्सचेंज सेंटर पर फायरिंग में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।



पानीपत। मनी एक्सचेंज सेंटर के बाहर जांच करते पुलिस अधिकारी।



पानीपत। सीसीटीवी में कैद हुए संदिग्ध युवक।

### फायरिंग सिर्फ ट्रेलर, पिक्चर अभी बाकी

दूसरी ओर, रणदीप ने आरोप लगाया कि मनी एक्सचेंज सेंटर में हवाला का कारोबार कर रहे है और ये दोनों हवाला के जरिए देश का पैसा बाहर भेजकर देश की अर्थव्यवस्था खराब कर रहे है। दोनों को कॉल कर वार्निंग दी थी, लेकिन इसको समझ नहीं आई। फायरिंग को उन्होंने ट्रेलर करार देते हुए कहा कि पिक्चर अभी बाकी है। शहर के असंध रोड पर मनी एक्सचेंज सेंटर हस्त फॉरेक्स प्राइवेट लिमिटेड पर बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग की। गोलियां दुकान के शीशे पर लगीं।

### बिना नंबर की बाइक पर सवार थे युवक

दुकान पर कार्यरत हरीश कुमार ने पुलिस को बताया कि दोपहर करीब 3:15 बजे वह महिला कर्मचारी प्रीति के साथ मौजूद था। दुकान के मालिक गौरव मिगलानी किसी काम से बाहर गए हुए थे।इसी दौरान, बिना नंबर की एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक दुकान के सामने आकर रुके और सीधे केबिन को निशाना बनाते हुए गोलियां चलानी शुरू कर दीं। हमलावरों का इरादा जान से मारने का था।

# पलवल में पार्किंग स्थल के लिए भूमि ट्रांसफर करने को मंजूरी

■ खेल मंत्री बोले, पलवल नगर परिषद को मिली बड़ी सौगात

**चंडीगढ़।** खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हरियाणा कैबिनेट की मंजूरी के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इस प्रस्ताव के तहत प्रांतीय सरकार की भूमि को नगर परिषद पलवल को पार्किंग स्थल तथा नगर परिषद के ऑफिसर-कम-कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए वर्तमान कलेक्टर रेट की दरों पर ट्रांसफर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पलवल शहर की लंबे समय से चली आ रही पार्किंग समस्या एवं नगर परिषद के लिए उपयुक्त प्रशासनिक परिसर की आवश्यकता को लगातार सरकार के समक्ष उठाया था, जिसके फलस्वरूप यह प्रस्ताव कैबिनेट से पारित हुआ।

खेल मंत्री गौरव गौतम ने इस मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पलवल के समग्र विकास के लिए सरकार निरंतर प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में शहर को और अधिक विकास कार्यों की सौगात दी जाएगी।

# फरीदाबाद में फ्लावर मेला फिर शुरू

**चंडीगढ़।** राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने शनिवार को फरीदाबाद में फ्लावर फेस्टिवल 2026 का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ किया। उन्होंने नगर निगम फरीदाबाद के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि कई वर्षों पहले टाउन पार्क में आयोजित होने वाला फ्लावर शो पुनः शुरू करना एक सराहनीय पहल है। इस कार्यक्रम को साकार करने में नगर निगम की टीम, जनप्रतिनिधियों तथा समाज के विभिन्न वर्गों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद के लोग केवल विकास ही नहीं बल्कि शहर की सुंदरता और हरियाली को लेकर भी सजग हैं। उन्होंने पूर्व में किए गए कार्यों के बारे में भी जानकारी दी।



